संख्या–cm-24
07/01/2023

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत वैशाली जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 07 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में वैशाली जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, कॉन्फ्रेंस हॉल, हाजीपुर में समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में वैशाली जिले के सांसद/विधायक/विधान पार्षदगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में वैशाली जिले के जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वैशाली जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता भत्ता, कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना, जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग व अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना, जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। जनप्रतिनिधियों के समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को और प्रचारित करें ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए लड़कियों को प्रोत्साहित करें। सभी सरकारी भवनों में सोलर प्लेट लगाने का काम तेजी से पूर्ण करें। सभी गांव में सोलर लाइट लगाई जा रही है। लोगों को सोलर प्लेट लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। गांव में जो शिक्षक ठीक ढंग से पढ़ाई नहीं कराते हैं उनपर कार्रवाई करें। बाढ़ से बचाव के लिए जहां जरूरत हो कटाव निरोधक कार्य कराएं। हमलोग अपने राज्य में बाढ़ से बचाव के लिए जो भी कार्य कर सकते हैं करें। छात्रों को सरकार द्वारा मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय हो, इस पर विशेष ध्यान दें।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण

मंत्री मोहम्मद जमा खान, लघु जल संसाधन मंत्री श्री जयंत राज सहित वैशाली जिले के सांसद/विधायक/विधान पार्षद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, विकास आयुक्त श्री विवेक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, आयुक्त तिरहुत प्रमंडल श्री गोपाल मीणा, जिलाधिकारी, वैशाली श्री यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक वैशाली, श्री मनीष सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान यात्रा के क्रम में आज हमने अलग–अलग जगहों पर जाकर योजनाओं का निरीक्षण किया है। जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं से भी हमने बातचीत की है। विधायकों एवं अधिकारियों के साथ भी बातचीत हुई है। सभी लोगों ने अपनी बातों को रखा है। यहां और क्या किया जाना जरुरी है इसको लेकर पूरी जानकारी दी गई है। हमलोग आगे इसको पूरा करेंगे। हमारी यात्रा का उद्देश्य यही है कि एक जो सरकार के द्वारा काम कराये गये हैं उसे देखना और कहीं आगे और कुछ करना जरुरी हो तो उसे जानना। अभी तक तीन जिलों की यात्रा बहुत अच्छे ढंग से हुई है।

बिहार में जाति आधारित गणना शुरु होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में आज से जाति आधारित गणना शुरु हो गई है। हमलोग चाहते हैं कि यह काम ठीक ढंग से हो जाय। विभिन्न जातियों में उप जातियां होती हैं। कोई व्यक्ति अगर अपनी उपजाति बताते हैं तो बगल के व्यक्ति से उसकी जाति पूछकर उस व्यक्ति की सहमति से उसे दर्ज किया जायेगा ताकि गणना में कोई गड़बड़ी न हो।

******